भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : †3139

उत्तर देने की तारीख : 11.03.2026

प्रधानमंत्री का 15 सूत्रीय कार्यक्रम

†3139. श्री बलवंत बसवंत वानखडे:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कार्यान्वित किए जा रहे अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के 15-सूत्रीय कार्यक्रम के उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है और विशेषकर अमरावती लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में इसके कार्यान्वयन की जिला-वार स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस कार्यक्रम के वास्तविक और वित्तीय निष्पादन का मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो संबंधित ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त कार्यक्रम में शामिल विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग): अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री का नया 15-सूत्रीय कार्यक्रम महाराष्ट्र राज्य सहित पूरे देश में लागू किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित सरकार की ऐसी विभिन्न योजनाएं और पहल शामिल हैं, जो यह सुनिश्चित करती हैं कि केंद्रीय रूप से अधिसूचित छह अल्पसंख्यक समुदायों, अर्थात मुस्लिम, बौद्ध, ईसाई, जैन, पारसी और सिख समुदाय के वंचित और कमजोर वर्गों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के समान अवसर प्राप्त हों।

इन योजनाओं को सरकार के संतृप्ति दृष्टिकोण के तहत संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

*****